# राजस्थान करंट अफेयर्स 2025

## 19 November 2025



GK Search Engine
SUBSCRIBE
Follow us:







GK SEARCH ENGINE

Praveen Kumar Sharma

GK Search Engine

# Rajasthan Current Affairs

## by GK Search Engine

GET IT ON Google Play

Download App

GK Search Engine

GK Search Engine

GK Search Engine

Yesterday, Quiz:

**Q. हाल ही में राजस्थानी भाषा के लिए साहित्य अकादमी बाल साहित्य पुरस्कार 2025 से किसे नवाजा गया है?**

(A) अजय कुमार झा

(B) भोगीलाल पाटीदार

(C) सवाई सिंह चौहान

(D) इनमें से कोई नहीं

*साहित्य अकादमी बाल साहित्य पुरस्कार 2025*

- *आयोजन तिथि – 14 नवंबर 2025*
- *स्थान – त्रिवेणी सभागार, तानसेन मार्ग, नई दिल्ली*
- *आयोजन संस्था – साहित्य अकादमी*

*राजस्थानी भाषा के पुरस्कार विजेता:*

- *राजस्थानी – "पंखेरुव नी पीड़ा" (नाटक)*
- *लेखक – भोगीलाल पाटीदार (बांसवाड़ा)*

*हिंदी – "एक बटे बारह" (नॉन-फिक्शन/संस्मरण) – सुशील शुक्ला*

**Yesterday Revision**

⭕. राजस्थान में iStart कार्यक्रम के तहत लगभग कितने स्टार्टअप पंजीकृत हैं?- **7100+**

⭕. राजस्थान में 17 नवंबर को "सरदार@150 यूनिटी मार्च" का आयोजन किस संस्था द्वारा किया गया?- **माई युवा भारत (MY Bharat)**

⭕. राजस्थान में मदर टैरेसा समर्पण समाज गौरव–2025' अवॉर्ड से किसे सम्मानित किया गया?-**निर्मला रावत**

⭕. साहित्य और खेल के क्षेत्र में विशेष योगदान के लिए रोटरी इंटरनेशनल यंग अचीवर अवॉर्ड किसे प्रदान किया गया है?-**भाविनी भार्गव**

⭕.नई दिल्ली में 6th राष्ट्रीय जल पुरस्कार 2025 की ओवरऑल कैटेगरी में राजस्थान को कौन-सा स्थान प्राप्त हुआ है?-**15वाँ**

**01. ग्रीन लंग्स मूंगस्का' परियोजना के तहत विकसित श्री गुरु नानक वाटिका का लोकार्पण कहाँ किया गया?**

(A) जयपुर

(B) भरतपुर

(C) अलवर

(D) बीकानेर




GK Search Engine SUBSCRIBE Follow us:

**Important Facts:**

- केंद्रीय वन एवं पर्यावरण मंत्री श्री भूपेन्द्र यादव तथा वन एवं पर्यावरण राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) श्री संजय शर्मा ने, मूंगस्का में 'ग्रीन लंग्स मूंगस्का' के तहत, विकसित की गई श्री गुरु नानक वाटिका का लोकार्पण अलवर मे किया।
- श्री गुरु नानक देव को समर्पित, यह वाटिका आमजन के स्वास्थ्य को दृष्टिगत रखते हुए, भ्रमण आदि के लिए बहुत उपयोगी साबित होगी
- यह परियोजना राजस्थान के 13 शहरों में 'ग्रीन लंग्स' विकसित करने की एक बड़ी योजना का हिस्सा है, जिसे मंजूरी दी गई थी।
- उद्देश्य: स्थानीय निवासियों को सैर और स्वास्थ्य के लिए एक स्वच्छ और हरा-भरा वातावरण प्रदान करना।

**02. इंटेलीजेंट ह्यूमन कंप्यूटर इंटरेक्शन' (IHCI-2025) का 17वां अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन 2025 कहाँ आयोजित किया गया?**

(A) उदयपुर

(B) जोधपुर

(C) जयपुर

(D) कोटा

**Important Facts:**

- इंटेलीजेंट ह्यूमन कंप्यूटर इंटरेक्शन' (IHCI-2025) अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन: जयपुर में
- आयोजन :- होटल मैरियट, जयपुर (14-16 नवम्बर 2025)

कृत्रिम बुद्धिमत्ता केंद्र, वनस्थली विद्यापीठ और भारतीय सूचना प्रौद्योगिकी संस्थान इलाहाबाद द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित किया गया।

- संस्करण :- 17वां
- इस सम्मेलन में 25 देशों के 300 से अधिक विद्वान, उद्योग विशेषज्ञ और शोधार्थी ने भाग लिया।

**03. जापान में 25वें ग्रीष्मकालीन डेफलंपिक्स की 10 मीटर एयर पिस्टल स्पर्धा में भारत के लिए गोल्ड मेडल किसने जीता?**

(A) प्रांजलि प्रशांत धूमल

(B) मनु भाकर

(C) अनुया प्रसाद

(D) हीना सिद्धू



**Important Facts:**

- जापान में जारी 25वें ग्रीष्मकालीन डेफलंपिक्स में निशानेबाजी प्रतियोगिताओं की 10 मीटर एयर पिस्टल स्पर्धा में अनुया प्रसाद ने भारत को गोल्ड मेडल जिताया
- भारत की अनुया प्रसाद और उनकी साथी प्रांजलि प्रशांत धूमल ने यहां आयोजित 25वें ग्रीष्मकालीन डेफ ओलंपिक में निशानेबाजी की 10 मीटर एयर पिस्टल स्पर्धा में पहला और दूसरा स्थान हासिल किया।
- राजस्थान में जयपुर की अनुया ने स्वर्ण पदक जीतने के साथ ही डेफ फाइनल विश्व रेकॉर्ड भी तोड़ा और प्रांजलि ने क्वालीफिकेशन विश्व रेकॉर्ड तोड़कर फाइनल में जगह बनाई।
- अनुया ने फाइनल की पहली सीरीज में 52.5 का स्कोर बनाया। उन्होंने 241.1 के अंतिम स्कोर के साथ स्वर्ण पदक अपने नाम किया।

04. भारत-ब्रिटेन का "अजेय वारियर-25’ संयुक्त सैन्य अभ्यास का 8वां संस्करण कहाँ शुरू हुआ है?

(A) पोखरण फील्ड फायरिंग रेंज

(B) महाजन फील्ड फायरिंग रेंज

(C) बाबीना सैन्य क्षेत्र

(D) द्रोणाचार्य फील्ड एरिया

**Important Facts:**

- भारत-ब्रिटेन संयुक्त सैन्य प्रशिक्षण अभ्यास 'अजेय वारियर-25' – राजस्थान में शुरू
- अजेय वारियर-25' का 8वां संस्करण राजस्थान के महाजन फील्ड फायरिंग रेंज (फॉरिन ट्रेनिंग नोड) में आरंभ।
- अवधि – 17 से 30 नवंबर 2025
- संयुक्त राष्ट्र जनादेश के अंतर्गत आयोजित यह अभ्यास अर्बन क्षेत्रों में आतंकवाद-रोधी अभियानों पर केंद्रित है। अभ्यास 14 दिन तक चलेगा।
- युद्धाभ्यास में भारतीय सेना की सिख रेजीमेंट के 120 और यूके 2 रॉयल गोरखा राइफल्स के 120 सैनिक भाग ले रहे हैं

**05. राष्ट्रीय गोपाल रत्न पुरस्कार 2025 में सर्वश्रेष्ठ कृत्रिम गर्भाधान तकनीक (Best Artificial Insemination Technician) श्रेणी में हनुमानगढ़ के विकास कुमार ने कौन-सा स्थान प्राप्त किया?**

(A) पहला

(B) दूसरा

(C) तीसरा

(D) चौथा

GK Search Engine SUBSCRIBE Follow us:

**Important Facts:**

- राष्ट्रीय गोपाल रत्न पुरस्कार 2025 की घोषणा
- तीन श्रेणियां में दिए जाएंगे राष्ट्रीय गोपाल रत्न पुरस्कार

• तीनों श्रेणियां में राजस्थान से विजेता -

1. देसी गाय /भैंस नस्लों का पालन करने वाले सर्वश्रेष्ठ डेयरी किसान - हर्षित झुरिया (सीकर) - तृतीय स्थान
2. सर्वश्रेष्ठ डेयरी सहकारी समिति/ दूध उत्पादक कंपनी/ डेयरी किसान उत्पादक संगठन: - घिनोई दुग्ध उत्पादक सहकारी समिति, जयपुर - द्वितीय स्थान
3. सर्वश्रेष्ठ कृत्रिम गर्भाधान तकनीक - विकास कुमार (हनुमानगढ़)- द्वितीय स्थान

- पुरस्कार का राशि-1. प्रथम स्थान- 5 लाख रुपए 2. द्वितीय स्थान - 3 लाख रुपए 3. तृतीय स्थान - 2 लाख रुपए
- यह पुरस्कार 26 नवंबर 2025 को राष्ट्रीय दुग्ध दिवस के अवसर पर दिए जाएंगे।

**06. बाड़मेर की जिला कलेक्टर टीना डाबी को छठा राष्ट्रीय जल पुरस्कार 2024 किसके द्वारा प्रदान किया गया?**

(A) प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी

(B) उपराष्ट्रपति सी.पी. राधाकृष्णन

(C) गृह मंत्री अमित शाह

(D) राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू



**Important Facts:**

⭕ राजस्थान में बाड़मेर की जिला कलक्टर टीना डाबी को छठा राष्ट्रीय जल पुरस्कार 2024 से सम्मानित किया गया

🏆 18 नवंबर, 2025 को विज्ञान भवन, नई दिल्ली में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू द्वारा सम्मानित

⭕ बाड़मेर जिला कलक्टर टीना डाबी को छठा राष्ट्रीय जल पुरस्कार 2024 से सम्मानित

⭕ बाड़मेर जिला प्रशासन को देश में प्रथम आने पर "कैच द रैन"अभियान के तहत् "जल संचय पुरस्कार" प्रदान किया गया!

⭕ जल संचयन और जन भागीदारी में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए राजस्थान का चयन देश के तीन सर्वश्रेष्ठ राज्यों में तृतीय श्रेणी में किया गया है

07. राजस्थान सरकार ने छोटे शहरों और नगरों में पीएनजी और सीएनजी नेटवर्क के विकास के लिए राजस्थान में कौनसी नीति को लागू किया है?

(A) राजस्थान सिटी गैस डिस्ट्रीब्यूशन नीति, 2025

(B) राजस्थान सिटी गैस संचार नीति, 2025

(C) राजस्थान गैस संचालन नीति, 2025

(D) इनमें से कोई नही

**Important Facts:**

- राजस्थान सरकार ने छोटे शहरों और नगरों में पीएनजी और सीएनजी नेटवर्क के विकास के लिए राजस्थान सिटी गैस डिस्ट्रीब्यूशन (सीजीडी) नीति, 2025 को मंजूरी दी है।
- इस नीति के तहत सिटी गैस डिस्ट्रीब्यूशन कंपनियों के लिए नए अवसर उत्पन्न होंगे।
- इससे राज्य में कार्बन उत्सर्जन घटाने में मदद मिलेगी और स्वच्छ, सुरक्षित व पर्यावरण अनुकूल प्राकृतिक गैस की पहुंच आमजन तक सुलभ हो सकेगी।
- इसके लिए सीजीडी पोर्टल भी विकसित किया जाएगा। यह नीति 31 मार्च 2029 तक अथवा अन्य नीति लागू होने तक प्रभावी रहेगी।


08. जयपुर की तीशा ब्याडवाल ने कुआलालम्पुर, मलेशिया में सम्पन्न कॉमनवेल्थ शतरंज चैम्पियनशिप 2025 में कौनसा पदक जीता है?

(A) ब्रॉन्ज मेडल

(B) गोल्ड  मेडल

(C) सिल्वर मेडल

(D) A व B दोनों



**Important Facts:**

- पिंकसिटी जयपुर की तीशा ब्याडवाल, उम्र अभी 8 साल से भी कम है। जयश्री पेडीवाल ग्लोबल स्कूल में तीसरी कक्षा में पढ़ती हैं। तीशा ने शतरंज में बड़ी उपलब्धि हासिल की है।
- तीशा ने कुआलालम्पुर, मलेशिया में सम्पन्न कॉमनवेल्थ शतरंज चैम्पियनशिप में एक गोल्ड और एक ब्रॉन्ज मेडल जीता है। यह उपलब्धि तीशा ने अंडर-8 कैटेगरी में हासिल की है।
- तीशा ने शतरंज की ब्लिट्ज कैटेगरी में गोल्ड जीता वहीं क्लासिकल में ब्रॉन्ज मेडल जीता।

09. हाल ही में तैयार 16वें वित्त आयोग की रिपोर्ट किस अवधि के लिए भारत की वित्तीय योजना का आधार बनेगी?

(A) 2024–2029

(B) 2025–2030

(C) 2026–2031

(D) 2027–2032

GK Search Engine SUBSCRIBE Follow us:

**Important Facts:**

- 16वें वित्त आयोग की रिपोर्ट तैयार हो गई है। आयोग के चेयरमैन अरविंद पनगढ़िया ने 17 नवंबर 2025 को यह रिपोर्ट राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को सौंप दी। इसके बाद आयोग के सदस्य प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से भी मिले।
- आयोग की यह रिपोर्ट आने वाले वर्षों में केंद्र और राज्यों के बीच टैक्स शेयरिंग यानी करों के बंटवारे का पूरा फार्मूला तय करेगी।
- यह रिपोर्ट 1 अप्रैल 2026 से 31 मार्च 2031 तक की पाँच वर्षीय अवधि के लिए भारत की वित्तीय योजना का आधार बनेगी।
- यह केंद्र और राज्यों के बीच कर-वितरण, अनुदान, आपदा प्रबंधन वित्त और समग्र राजकोषीय ढांचे को निर्धारित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी।

**10. हाल ही में 24वीं एशियन आर्चरी चैंपियनशिप 2025 में भारत ने कुल कितने पदक जीतकर शीर्ष स्थान हासिल किया?**

(A) 7

(B) 8

(C) 10

(D) 12

GK Search Engine SUBSCRIBE Follow us:

**Important Facts:**

⭕ 24वीं एशियन आर्चरी चैंपियनशिप 2025 में भारतीय तीरंदाजों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 10 पदक जीतकर इतिहास रच दिया है, साथ ही वहां आयोजित प्रतियोगिता में पहला स्थान भी हासिल किया है

⭕ भारत ने शानदार प्रदर्शन करते हुए रिकॉर्ड 10 पदक (6 स्वर्ण, 3 रजत, 1 कांस्य) जीते और शीर्ष स्थान हासिल किया। भारत का अब तक का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन

⭕ व्यक्तिगत स्वर्ण:अंकिता भावगत — महिला रिकर्व, धीरज बोम्मादेवारा — पुरुष रिकर्व

⭕ एशियाई तीरंदाजी चैम्पियनशिप 2025 का 24वां संस्करण 08 नवंबर से 14 नवंबर, 2025 तक ढाका, बांग्लादेश में आयोजित किया गया था। यह तीसरी बार है जब बांग्लादेश ने एशियाई चैंपियनशिप की मेजबानी की है।

**Today, Quiz:**

**Q. राजस्थान में मदर टैरेसा समर्पण समाज गौरव–2025' अवॉर्ड से किसे सम्मानित किया गया?**

(A) कृष्ण कुमावत

(B) डॉ. अल्बर्ट

(C) निर्मला रावत

(D) अर्चना सिंह

GK Search Engine SUBSCRIBE Follow us:

**राजस्थान करंट अफेयर्स 2025 Exam Booster Course**

**GK Search Engine Mobile App**

🔷 🔷 🔷 🔷 🔷 🔷 🔷 🔷 🔷 🔷 🔷

💠 **क्या मिलेगा?** 👇 👇 👇 👇

✅ **जनवरी से दिसम्बर 2025 राजस्थान करंट अफेयर्स व्याख्या सहित (प्रतिमाह अपडेट होगा)**

🎯 **2024 का पूरा राजस्थान करंट अफेयर्स (व्याख्या सहित 1000+ Question)**

⬛ **अन्य महत्वपूर्ण परीक्षा की दृष्टि से महत्वपूर्ण Ebook**

👇 👇 👇 👇 👇 👇 👇 👇 👇 👇 👇 👇 👇

https://www.gksearchengine.in/courses/616266



GK Search Engine

Today for tomorrow

GK Search Engine

SUBSCRIBE NOW

PRESS BELL ICON

Like

Share

FOLLOW ON INSTAGRAM

FOLLOW ON FACEBOOK

JOIN US ON TELEGRAM

GK Search Engine

GK Search Engine

GK Search Engine